BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक- 15 नवम्बर, 2025 **थाना कोतवाली देहात**

पीडिताओं का अपहरण कर पैसे लेकर शादी कराने वाले 02 आरोपी गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 27.07.2025 को वादी द्वारा उसकी 02 पुत्रियों के घर से चले जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं-543/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अपहर्ताओं की सकुशल बरामदगी हेतु अथक प्रयास करते हुए दिनांक 11.11.2025 को सकुशल बरामद किया गया था।

थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों को ब्रह्मानन्द कट के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. सुनील कुश्वाहा उर्फ सुनील मोर्य पुत्र रामशकल निवासी ग्राम पूतरी थाना भटनी जनपद देवरिया।
2. सोनू पुत्र सुनील निवासी उपरोक्त।

गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पीडिताओं को बहला फुसलाकर ले गये थे तथा अपने घर में बंधक बनाकर रखा गया तथा उनके साथ मारपीट व छेडखानी की गयी तथा लालच में पीडिताओं की शादी उनकी उम्र से बडे लडकों के साथ पैसे लेकर कर दी गयी थी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री नीरज मलिक प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात
2. उ0नि0 नितिन जावला
3. है0का0 कुर्बान चौहान, है0का0 जितेश शर्मा, का0 सुखवेन्द्र सिंह ,म0का0 प्रीति।

मीडिया सैल बुलन्दशहर